>

Title: Need to declare Mandsaur district of Madhya Pradesh as a tourist site of India.

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में कई ऐतिहासिक पुरातत्वीय एवं प्रकृतिक दृष्टि से दर्शनीय एवं पर्यटन योग्य स्थान हैं। इन जिलों में मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में भी पुरातत्वीय दृष्टि से कई विशिष्ट ऐतिहासिक किले तथा प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदरि, सौंधनी जिले में स्तम्भ एवं देश में प्रसिद्ध भादवा माता का मंदिर आदि है। मंदसौर जो कि दशपुर नाम से विश्यात है एक प्राचीन एवं ऐतिहासिक नगर है यहां पर पशुपतिनाथ जी का विशाल एवं भव्य अष्टमुखी प्रतिमा है जिसके दर्शनार्थ भारत के कोने कोने से लाखों लोग प्रतिवर्ष यहां पर आते हैं। राज्य सरकार द्वारा मंदसौर के पशुपतिनाथ मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में घोषित किए जाने की मांग की है क्योंकि जिले के अन्य विभिन्न स्थानों जिनमें गांधी सागर का विशाल जलाशय, अभ्यारण्य तथा पहाड़ों पर उत्कीर्ण शिलालेख आदि हैं। प्रदेश सरकार द्वारा केन्द्र सरकार से मंदसौर को पर्यटन स्थल घोषित करने हेतु पूर्व में भी आग्रह किया गया है।

मेरा पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री से अनुरोध है कि मंदसौर जिले के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए इसको शीघ्र से शीघ्र पर्यटन स्थल घोषित करने का कष्ट करें।